# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 11 मई 2021

## प्रदेश में आज पॉजिटिविटी दर 15 प्रतिशत पर पहुंची

- प्रदेश की पॉजिटिविटी दर पिछले सात दिनों से लगातार घट रही है। आज 11 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 15 प्रतिशत है। 11 मई को प्रदेश भर में हुए 63 हजार 811 सैंपलों की जांच में से 9,717 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## 10 मई को प्रदेश में कोरोना जांच का नया रिकॉर्ड, एक ही दिन में 64 हजार से अधिक सैंपलों की जांच

- कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए प्रदेश में 10 मई को रिकॉर्ड 64 हजार 809 सैंपलों की जांच की गई है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की शुरूआत के बाद से एक दिन में यह सर्वाधिक संख्या में सैंपलों की जांच है। 10 मई को दुर्ग संभाग के पांच जिलों में 9993, रायपुर संभाग के पांच जिलों में 12 हजार 125, बिलासपुर संभाग के छह जिलों में 17 हजार 049, सरगुजा संभाग के पांच जिलों में 14 हजार 418 तथा बस्तर संभाग के सात जिलों में 11 हजार 494 सैंपलों की जांच की गई है।

## कोरोना पर नियंत्रण के लिए 11 लाख 42 हजार से ज्यादा लोगों को दी गई दवा किट

- छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए 11 लाख 42 हजार 358 संदिग्ध मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाईयों की किट वितरित की गई है। विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण के लक्षण वाले व्यक्तियों के त्वरित इलाज और उन्हें गंभीर स्थिति में पहुंचने से बचाने के लिए मितानिनों एवं सर्विलेंस टीमों द्वारा दवाईयों की किट उपलब्ध कराई जा रही है। इस किट में आइवरमेक्टिन, डॉक्सीसाइक्लिन, पैरासिटामोल, विटामिन–सी और जिंक की टैबलेट शामिल हैं। कोविड–19 के संदिग्ध मरीजों को दवा किट उपलब्ध कराने के कई जिलों में अच्छे परिणाम आए हैं और वहां संक्रमण की दर में गिरावट आई है।

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में अब तक कोरोना के लक्षण वाले 4 लाख 74 हजार 760 लोगों को दवा किट उपलब्ध कराई गई है। जांच केंद्रों और अस्पतालों में कोरोना जांच के लिए पहुंच रहे इसके लक्षण वाले 4 लाख 94 हजार 796 लोगों को भी दवा किट मुहैया कराई गई है। मितानिनों और सर्विलेंस टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों व कन्टेनमेंट जोनों में एक्टिव सर्विलेंस के दौरान मिले 1 लाख 72 हजार 802 व्यक्तियों को भी कोरोना के इलाज और बचाव के लिए दवाईयां दी गई हैं।

## 18 से 44 आयु वर्ग का टीकाकरण

## आज दिनांक 11 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 2,42,204 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है।

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 748 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 62699 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 4752, बीपीएल के 32265, एपीएल के 15805, फ्रंटलाइन वर्कर के 9877 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

## वर्चुअल टेली ओपीडी सेवा के माध्यम से मरीज चिकित्सकों से ले रहें सलाह

- डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में कोरोना के इस संकट काल में लोगों को घर बैठे विशेषज्ञों के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई वर्चुअल टेली ओ.पी.डी. सेवा का लाभ मरीज ले रहें हैं। मरीज राज्य के विभिन्न हिस्सों से वीडियो कॉल के जरिये अपनी समस्या विशेषज्ञों को बताकर सीधे सलाह प्राप्त कर रहें हैं। अब तक वर्चुअल टेली ओ.पी.डी. के माध्यम से कुल 83 मरीजों ने सेवा का लाभ लिया।

- वर्चुअल ओ.पी.डी. में स्मार्टफोन व इंटरनेट के माध्यम से प्रतिदिन अवकाश दिवस को छोड़कर सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक ऑनलाइन जुड़कर अम्बेडकर अस्पताल के डॉक्टरों से सीधे स्वास्थ्य संबंधी परामर्श सेवा निशुल्क ले सकते हैं।

- लिंक के माध्यम से वर्चुअल ओ.पी.डी. ज्वाइन की जा सकती है।

  https://zoom.us/j/94714208087?pwd=VXdZT2VBQ2xzR0tWdW0rL05lS3NwQT09

  Meeting ID: 947 1420 8087, Passcode: 123456

- यदि किसी व्यक्ति को इस लिंक के माध्यम में जुड़ने में कठिनाई हो रही है तो दूरभाष नम्बर पर कॉल कर 0771-2890073 जानकारी ली जा सकती है।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 9717 |
| | | कुल | 873060 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 459 |
| | | कुल* | 134850 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 11981 |
| | | कुल* | 605433 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 12440 |
| | | कुल | 740283 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 121836 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु<br>कुल – 199 | कोविड–19 | 97 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 102 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 63,811**

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 11-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 229 | 92795 | 20 | 12581 | 361 | 73993 | 86574 | 4627 | 23 | 1594 |
| 2 | राजनांदगांव | 277 | 53493 | 92 | 11490 | 526 | 36444 | 47934 | 5116 | 5 | 443 |
| 3 | बालोद | 225 | 23970 | 51 | 7216 | 257 | 12918 | 20134 | 3537 | 5 | 299 |
| 4 | बेमेतरा | 88 | 18336 | 6 | 3026 | 238 | 12876 | 15902 | 2243 | 6 | 191 |
| 5 | कबीरधाम | 324 | 20465 | 9 | 2028 | 433 | 14171 | 16199 | 4046 | 6 | 220 |
| 6 | रायपुर | 509 | 150606 | 32 | 26429 | 692 | 112342 | 138771 | 8966 | 33 | 2869 |
| 7 | धमतरी | 252 | 23446 | 9 | 1935 | 355 | 17360 | 19295 | 3701 | 6 | 450 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 410 | 36216 | 28 | 7374 | 776 | 23479 | 30853 | 5027 | 12 | 336 |
| 9 | महासमुंद | 270 | 27514 | 13 | 3274 | 486 | 19276 | 22550 | 4678 | 4 | 286 |
| 10 | गरियाबंद | 121 | 17168 | 9 | 3047 | 310 | 11656 | 14703 | 2303 | 2 | 162 |
| 11 | बिलासपुर | 566 | 60893 | 26 | 5471 | 673 | 47243 | 52714 | 7183 | 12 | 996 |
| 12 | रायगढ़ | 847 | 53466 | 19 | 9887 | 992 | 31629 | 41516 | 11252 | 22 | 698 |
| 13 | कोरबा | 507 | 48206 | 1 | 3794 | 694 | 35902 | 39696 | 8059 | 6 | 451 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 534 | 48983 | 5 | 6710 | 967 | 32035 | 38745 | 9658 | 11 | 580 |
| 15 | मुंगेली | 563 | 19841 | 7 | 719 | 661 | 13269 | 13988 | 5741 | 12 | 112 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 284 | 9256 | 3 | 444 | 348 | 5548 | 5992 | 3193 | 4 | 71 |
| 17 | सरगुजा | 406 | 25760 | 2 | 2868 | 568 | 18327 | 21195 | 4375 | 2 | 190 |
| 18 | कोरिया | 743 | 19247 | 1 | 1303 | 616 | 12516 | 13819 | 5314 | 2 | 114 |
| 19 | सूरजपुर | 677 | 20764 | 1 | 1600 | 407 | 14346 | 15946 | 4707 | 3 | 111 |
| 20 | बलरामपुर | 511 | 13708 | 0 | 1251 | 327 | 8780 | 10031 | 3598 | 6 | 79 |
| 21 | जशपुर | 462 | 19884 | 13 | 3273 | 422 | 11431 | 14704 | 5051 | 2 | 129 |
| 22 | बस्तर | 228 | 15984 | 18 | 3564 | 98 | 10674 | 14238 | 1610 | 5 | 136 |
| 23 | कोंडागांव | 200 | 10590 | 1 | 1420 | 199 | 7281 | 8701 | 1809 | 2 | 80 |
| 24 | दंतेवाडा | 85 | 8471 | 19 | 3619 | 59 | 4226 | 7845 | 607 | | 19 |
| 25 | सुकमा | 50 | 5127 | 21 | 2739 | 10 | 2040 | 4779 | 334 | | 14 |
| 26 | कांकेर | 257 | 20250 | 14 | 2621 | 467 | 13098 | 15719 | 4355 | 4 | 176 |
| 27 | नारायणपुर | 41 | 2825 | 15 | 1893 | 8 | 525 | 2418 | 397 | 1 | 10 |
| 28 | बीजापुर | 49 | 5141 | 24 | 2744 | 31 | 2048 | 4792 | 320 | | 29 |
| 0 | अन्य राज्य | 2 | 655 | 0 | 530 | 0 | 0 | 530 | 29 | 3 | 96 |
| | **महायोग** | **9717** | **873060** | **459** | **134850** | **11981** | **605433** | **740283** | **121836** | **199** | **10941** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

**मीडिया प्रभारी**
**राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर**
**(COVID19)**



मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं

